# प्रबंधन मंडल की पंचम् बैठक की कार्यवाही

दिनांक : 03 जुलाई, 2020

स्थान : डाटा सेंटर, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय

BIHAR ANIMAL SCIENCES UNIVERSITY

## बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय

पटना – 800 014, (बिहार)

**प्रबंधन मंडल की पंचम् बैठक दिनांक 03 जूलाई 2020 को डाटा सेंटर, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में सम्पन्न हुई ।**

## कार्यवाही का विवरण

प्रबंधन मंडल की पंचम् बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित हुए :–

| क्र. सं. | पदनाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | डॉ० रामेश्वर सिंह, कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना | अध्यक्ष |
| 2. | श्री केशवेन्द्र कुमार, भा०प्र०सेवा, अपर सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन (सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन के द्वारा नामित) विभाग, पटना | सदस्य |
| 3. | श्री सुदेश कुमार लाल, उप सचिव, वित्त विभाग, पटना | सदस्य |
| 4. | श्री संजय कुमार सिन्हा, संयुक्त निदेशक (मुख्यालय), प्रतिनिधि, निदेशक (पशुपालन), पटना | सदस्य |
| 5. | श्री धर्मेन्द्र सिंह, भा०प्र०सेवा, निदेशक, मत्स्य, पशु एवं मत्स्य संसाधन, विभाग, पटना | सदस्य |
| 6. | श्री कृष्ण मोहन कटियार, निदेशक, गव्य विकास, पशु एवं मत्स्य संसाधन, विभाग, पटना | सदस्य |
| 7. | डॉ० ए० के० श्रीवास्तव, सदस्य कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, नई दिल्ली | सदस्य |
| 8. | डॉ० वी०पी० सिंह, निदेशक राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल | सदस्य |
| 9. | डॉ० शिव धर सिंह, भूतपूर्व सहायक महानिदेशक (मत्स्य), भा०कृ०अ०प०, नई दिल्ली | सदस्य |
| 10. | डॉ० वीर सिंह, डी0आर0आई0–कम–डीन पी0जी0एस0, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना | सदस्य |
| 11. | डॉ० रमन त्रिवेदी, निदेशक छात्र कल्याण, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना | सदस्य |
| 12. | श्री निरंजन सिंह, प्रगतिशील किसान, समस्तीपुर | सदस्य |
| 13. | श्री सुधान्शु कुमार, विशिष्ट कृषि उद्योगपति, बिहटा, पटना | सदस्य |
| 14. | डॉ० उषा शर्मा, उत्कृष्ट महिला सामाजिक कार्यकर्त्ता | सदस्य |
| 15. | डॉ० जय किशन प्रसाद, अधिष्ठाता, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना | आमंत्रित सदस्य |
| 16. | डॉ० बी० एस० बैनिवाल, कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना ने पंचम् प्रबंधन मंडल के बैठक की कार्रवाई आरम्भ की। तत्पश्चात् माननीय कुलपति महोदय–सह–अध्यक्ष, प्रबंधन मंडल, डॉ0 रामेश्वर सिंह ने सभी सम्मानित सदस्यगणों का स्वागत किया। इस बैठक में हमारे विशिष्ट अतिथि एवं सम्मानिय सदस्य डॉ० ए० के० श्रीवास्तव, डॉ० वी०पी० सिंह, डॉ० शिव धर सिंह, श्री सुधान्शु कुमार एवं श्री धर्मेन्द्र सिंह,भा०प्र०सेवा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे।

इसके उपरान्त विश्वविद्यालय में चल रहे शिक्षा, शोध एवं प्रसार कार्यों को सदस्यों के समक्ष डी0आर0आई0–कम–डीन पी0जी0एस0, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के द्वारा रखा गया, जिसे माननीय सदस्यों ने सराहा। तत्पश्चात् बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना के अधिष्ठाता के द्वारा विश्वविद्यालय में चल रही पशु चिकित्सा से संबंधित जानकारियाँ प्रबंधन मंडल के समक्ष प्रस्तुत की। सदस्यों द्वारा लॉकडाउन में किए गए इन कार्यों की भूरी–भूरी प्रशंसा की गई। बैठक की कार्यावली विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल के सदस्य सचिव–सह–कुलसचिव, डॉ० बी० एस० बैनिवाल ने प्रबंधन मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया।

**प्रबन्धन मण्डल के पंचम् बैठक की विस्तृत कार्यवाही निम्नांकित है:**

**कार्यावली संख्या 1.1.1 : 04.01.2020 को आयोजित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रबन्धन मंडल की चतुर्थ बैठक की कार्यवाही की पुष्टि।**

विवरण :

| कार्यावली संख्या | विवरणी | कार्रवाई की विवरणी |
|---|---|---|
| **कार्यावली संख्या 1.1.1** | 14.10.2019 को आयोजित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रबन्धन मंडल की तृतीय बैठक की कार्यवाही की पुष्टि। | अनुमोदित एवं परिचालित |
| **कार्यावली संख्या 1.2.1** | षष्ठम् अकादमिक परिषद् में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन | कार्रवाई की जा चुकी है। |
| **कार्यावली संख्या 1.2.2** | विश्वविद्यालय में की गई नियुक्तियों की संपुष्टि एवं सेवा–विस्तार का अनुमोदन। | कार्यालय पत्रांक संख्या 1409, 1410, 1411/कु०स०/नि०/बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक 10.01.2020, कार्यालय पत्रांक संख्या 1460, 1461/कु० स०/नि०/बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक 22.01.2020 एवं कार्यालय आदेश संख्या 399, 400, 401/कु०स०/नि०/बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक 10.01.2020 द्वारा परिचालित। |
| **कार्यावली संख्या 1.2.3** | बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में CAS के द्वारा प्रोन्नत किये गये तीन प्राध्यापक–सह–मुख्य वैज्ञानिकों का सहायक प्राध्यापक के पद को विमुक्त (Release) करते हुए selection grade के द्वारा प्राध्यापक के पद पर पदस्थापन का अनुमोदन। | माननीय सदस्यों ने उपरोक्त कार्यावली की विस्तृत रूप से चर्चा की तत्पश्चात् इस कार्यावली को छोड़ने का सुझाव दिया। |

निर्णय/संकल्प : **सर्वसम्मति से स्वीकृत**

**कार्यावली संख्या 1.1.2 : विश्वविद्यालय के विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापनों का संक्षिप्त ब्यौरा अवलोकनार्थ प्रस्तुत।**

**विवरणः** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यायल, पटना के विभिन्न गतिविधियों के निर्बाध संचालन हेतु पदाधिकारियों, प्राध्यापकों, सह–प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों एवं अन्य नियुक्ति हेतु विभिन्न विज्ञापन देश एवं प्रदेश के समाचार प्रत्रों में प्रकाशित किए गए हैं, जिसकी विवरणी प्रबंधन मंडल के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

| क्र० | विश्वविद्यालय / महाविद्यालय | विज्ञापनों का संक्षिप्त ब्यौरा |
|---|---|---|
| 1 | मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज | मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज के विश्वविद्यालय प्राध्यापक सह वरिष्ठ वैज्ञानिक–09 पद, सह–प्राध्यापक–सह वरीय वैज्ञानिक–15 पद, सहायक प्राध्यापक–सह–कनीय वैज्ञानिक–42 पद क्रमशः विज्ञापन सं०– Employment Notice No-01/2020 द्वारा प्रकाशित किये गये हैं एवं इन पदों पर Online Application भरने की अंतिम तिथि 15.06.2020 थी और दस्तावेजों को डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि– 30.06.2020 थी।<br>**अनुलग्नक पृ० सं. 16–25 पर संलग्न।** |
| 2 | संजय गाँधी गव्य प्रौधोगिकी संस्थान, पटना | संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के विश्वविद्यालय प्राध्यापक सह वरिष्ठ वैज्ञानिक–03 पद, सहप्राध्यापक–सह वरीय वैज्ञानिक–18 पद, सहायक प्राध्यापक–सह–कनीय वैज्ञानिक–15 पद क्रमशः विज्ञापन सं०– Employment Notice No-02/2020 द्वारा प्रकाशित किये गये हैं एवं इन पदों पर Offline Application मंगवाने की अंतिम तिथि 20.06.2020 थी।<br>**अनुलग्नक पृ० सं. 26–36 पर संलग्न।** |
| 3 | बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना | (अ) बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय मुख्यालय में स्वीकृत Registrar-01 Post, Dy. Registrar-02 Posts, Dy. Comptroller-01 Post, Deputy Director Resident Instruction-01 Post, Deputy Director Research-02 Posts, Deputy Director (Training Information)-01 Post, Assistant Registrar (Grade-II) -02 Posts and Assistant Comptroller (Grade-II)-01 Post पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन सं०– Employment Notice No-06/2020 द्वारा प्रकाशित किये गये हैं एवं इन पदों पर Offline Application भरने की अंतिम तिथि 10.07.2020 है।<br>**अनुलग्नक पृ० सं. 37–40 पर संलग्न।**<br><br>(ब) बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में Walk-in-Interview द्वारा Medical Officer का विज्ञापन Employment Notice No-03/2020 द्वारा प्रकाशित किये गये हैं।<br>**अनुलग्नक पृ० सं.41–41 पर संलग्न।** |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना | (अ) बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना के लिये स्वीकृत सहायक प्राध्यापक–सह–कनीय वैज्ञानिक–74 में से रिक्त 08 पद विज्ञापन सं०– Employment Notice No-04/2020 द्वारा नियुक्ति के लिये प्रकाशित किये गये हैं एवं इन पदों पर Online Application भरने की अंतिम तिथि 15.06.2020 थी और दस्तावेजों को डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि– 30.06.2020 थी।<br>**अनुलग्नक पृ० सं०. 42–45 पर संलग्न।**<br><br>(ब) बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना के Farm Manager Operation के 02 पद विज्ञापन सं०– Employment Notice No-05/2020 द्वारा प्रकाशित किये गये हैं एवं इन पदों पर Online Application भरने की अंतिम तिथि 03.07.2020 है और दस्तावेजों को डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि– 18.07.2020 है।<br>**अनुलग्नक पृ० सं०. 46–49 पर संलग्न।** |

**निर्णय/संकल्प : सर्वसम्मति से स्वीकृत**

**कार्यावली संख्या 1.1.3 : विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसम्पत्तियों/संस्थानों के हस्तानांतरण से संबंधित वस्तुस्थिति को प्रबंधन मंडल के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत।**

**विवरणः** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यायल, पटना के गठन के समय पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार, पटना के द्वारा निम्नांकित परिसम्पत्ति/शिक्षण–संस्थान/शोध–संस्थान, विश्वविद्यालय को बिहार गजट "बिहार विधान मंडल द्वारा यथापारित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2016, जिसपर महामहिम राज्यपाल द्वारा दिनांक 29 अगस्त, 2016, की अनुमति है" दिया गया, जिसकी वस्तुस्थिति निम्नांकित है–

| | | |
|---|---|---|
| | **शिक्षण संस्थान** | |
| 1. | बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना। | हस्तानांतरित किया जा चुका है। |
| 2. | संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना। | हस्तानांतरित किया जा चुका है। |
| 3. | डॉ॰ कलाम कृषि महाविद्यालय, किशनगंज के भवन में अवस्थित मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज। | हस्तानांतरित किया जा चुका है। |
| | **शोध–संस्थान/स्टेशन/सबस्टेशन** | |
| 1. | पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना। | विभागीय अधिसूचना संख्या 3892 दिनांक 05.12.2017 द्वारा विश्वविद्यालय को हस्तांतरण करने की अधिसूचना जारी की गई, परन्तु अभी तक हस्तांतरण नहीं हुआ है। |
| 2. | विदेशी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, पटना। | हस्तानांतरित किया जा चुका है। |
| 3. | केन्द्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, पटना। | हस्तांतरण नहीं हुआ है। |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | राजकीय बकरी प्रजनन, प्रक्षेत्र, पूर्णिया। | विभाग ने इसे फ्रोजेन सिमेन स्टेशन हेतु अपने पास रखा है। |
| 5. | राजकीय पशु प्रक्षेत्र, गया। | हस्तांतरण नहीं हुआ है। |
| 6. | राजकीय भैंस प्रक्षेत्र, सिपाया, गोपालगंज। | हस्तानांतरित किया जा चुका है एवं पदों की स्वीकृति के लिए विभाग को भेजा जा चुका है। |

निर्णय/संकल्प : **माननीय सदस्य वस्तुस्थिति से अवगत हुए।**

**कार्यावली संख्या 1.2.1 : सप्तम् अकादमिक परिषद् में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन।**

**विवरणः** प्रबंधन मंडल की पंचम बैठक के पूर्व सप्तम् अकादमिक परिषद् की बैठक आहुत की गई, जिसकी कार्यवाही की प्रति **अनुलग्नक पृ० सं० 50–69** पर संलग्न है। इस बैठक में लिए गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की जानकारी अगले प्रबंधन मंडल की बैठक में दी जायेगी।

निर्णय/संकल्प : **माननीय सदस्यों द्वारा सप्तम् अकादमिक परिषद् की कार्यवाही का अवलोकन किया गया और इसमें लिए गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की जानकारी अगले प्रबंधन मंडल की बैठक में उपस्थापित करने की अनुमति दी गई।**

**कार्यावली संख्या 1.2.2 : विश्वविद्यालय में नियुक्त पदाधिकारियों के सेवा–विस्तार का अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।**

**विवरणः** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यायल, पटना के विभिन्न गतिविधियों के निर्बाध संचालन हेतु विश्वविद्यालय के निम्नलिखित पदाधिकारियों के सेवा–विस्तार करने की आवश्यकता है। इस हेतु संक्षिप्त ब्यौरा एवं प्रस्ताव विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल की सहमति हेतु प्रस्तुत है।

| क्र० | पद | सेवा–विस्तार के लिए संबंधित पदाधिकारियों का संक्षिप्त ब्यौरा |
|---|---|---|
| 1 | कुलपति के सलाहकार (आई०सी०टी०) | बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में आई० सी० टी० व्यवस्था एवं यूनिवर्सिटी की पुस्तकालय एवं सूचना विभाग को विकसित करने हेतु **डॉ० हंस राज** को कुलपति के सलाहकार (आई० सी० टी०) के तौर पर नियोजित करने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई थी। डॉ० हंस राज पूर्व में इनफॉरमेशन सिस्टम ऑफिसर एण्ड हेड, लाईब्रेरी सिस्टम, आई०सी०ए०आर० रह चूके हैं।<br>डॉ० हंस राज का नियोजन आदेश संख्या 22 (A)/कु०स०/ बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक 16.01.2018 द्वारा 06 माह के लिए किया गया था। नवसृजित विश्वविद्यालय के कार्यहित में इनके वृहत अनुभव की भविष्य में भी आवश्यकता है। अतः विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं के मद्देनजर डॉ० हंस राज की सेवा अवधि का विस्तार अगले छः माह (16.07.2020 से 15.01.2021 तक) के लिये किया जा सकता है।<br>**अनुलग्नक पृ० सं० 70–70 पर संलग्न।** |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | उप–कुलसचिव (प्रशासन तथा नियुक्ति) | उप–कुलसचिव मो० सिराजुद्दीन अंसारी को अधिसूचना संख्या 298/कुलसचिव, बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक 09.02.2018 द्वारा संविदा पर दो वर्ष के लिए सामान्य प्रशासन परिपत्र संख्या 03/M-63/2013 Gen. Admin. 10000/Patna dt 10-07-2015 के आधार पर नियोजित किया गया था।<br>श्री एम० एस० अंसारी का कार्यकाल दिनांक 11.08.2020 को पूरा हो रहा है, परन्तु विश्वविद्यालय को इनकी सेवाओं की नितांत आवश्यकता है। अतः विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं के मद्देनजर उप–कुलसचिव श्री एम० एस० अंसारी की सेवा अवधि का विस्तार अगले छः माह (12.08.2020 से 11.02.2021 तक) के लिए किया जा सकता है।<br>**अनुलग्नक पृ० सं०.71–71 पर संलग्न।** |
| 3 | निदेशक, कार्य एवं संयंत्र | ई० रंजन कुमार, अवकाश प्राप्त मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार को अ0सू0 संख्या 488/कुलसचिव, बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक 04.03.2018 द्वारा संविदा पर दो वर्ष के लिए सामान्य प्रशासन परिपत्र संख्या 03/M-63/2013 Gen. Admin. 10000/Patna dt 10.07.2015 के आधार पर नियोजित किया गया था। विश्वविद्यालय के गठन के पश्चात् भवनों के निर्माणकार्य विचाराधीन हैं। निकट भविष्य में निर्माण–कार्य प्रारंभ होने की संभावना है । ये सभी कार्य श्री रंजन, डी० डब्ल्यू० पी० की देख–रेख में किये जा रहे हैं। इस प्रकार विश्वविद्यालय को इनकी सेवाओं की आवश्यकता है।<br>इनका कार्यकाल दिनांक 15.09.2020 को पूरा हो रहा है। अतः विश्वविद्यालय कार्यहित में श्री रंजन कुमार, डी० डब्लयू० पी० की सेवा अवधि का विस्तार अगले छः माह (16.09.2020 से 15.03.2021 तक) के लिए किया जा सकता है।<br>**अनुलग्नक पृ० सं०. 72–72 पर संलग्न।** |

निर्णय/संकल्प : **माननीय सदस्यों द्वारा निम्नांकित पदाधिकारियों के सेवा विस्तार का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया**

| क्र० | पद | सेवा–विस्तार के लिए संबंधित पदाधिकारियों का अनुमोदन |
|---|---|---|
| 1 | कुलपति के सलाहकार (आई०सी०टी०)<br>बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना | नवसृजित विश्वविद्यालय के कार्यहित में डॉ० हंस राज के वृहत कार्यअनुभव की भविष्य में भी आवश्यकता है। इसके मद्देनजर इनकी सेवा अवधि का विस्तार अगले छः माह (16.07.2020 से 15.01.2021) तक के लिए किया गया। |
| 2 | उप–कुलसचिव,<br>बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना | श्री एम० एस० अंसारी, उप–कुलसचिव, बि०प०वि०वि०, पटना का कार्यकाल दिनांक 11.08.2020 को पूरा हो रहा। इस नवसृजित विश्वविद्यालय के कार्यहित में श्री एम० एस० अंसारी के वृहत कार्यानुभव की भविष्य में भी आवश्यकता है, जिसके मद्देनजर इनकी सेवा विस्तार अगले छः माह (12.08.2020 से 11.02.2021) तक के लिए किया गया। |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | निदेशक, कार्य एवं संयंत्र, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना | श्री रंजन, डी० डब्ल्यू० पी०, बि०प०वि०वि०, पटना का कार्यकाल दिनांक 15.09.2020 को पूरा हो रहा है। विश्वविद्याालय के गठन के पश्चात् भवनों के निर्माणकार्य विचाराधीन है; निकट भविष्य में निर्माण–कार्य प्रारंभ होने की संभावना है । ये सभी कार्य इनकी देख–रेख में किये जा रहे हैं। अतः इनका कार्यकाल अगले छः माह (16.09.2020 से 15.03.2021) तक के लिए किया गया। |

कार्यावली संख्या 1.2.3 : **बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में अतिथि संकाय–सह–सहायक प्राध्यापक के मानदेय में बढ़ोतरी का अनुमोदन।**

विवरणः विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्रांक संख्या– F.25-1/2018(PS/MISC.) दिनांक– 28.01.2019 के अनुरूप विश्वविद्यालय में अतिथि संकाय प्राध्यापको का मानदेय यू.जी.सी. तथा अन्य विश्वविद्यालयों के अनुरूप 40,000/– से बढ़ाकर 50,000/– करने हेतु विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल के अनुमोदन की अपेक्षा है। **(अनुलग्नकः पृष्ठ संख्या 73–74 पर संलग्न)**

निर्णय/संकल्प : **माननीय सदस्यों द्वारा इस पर चर्चा की गयी और कहा गया कि सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ है जिसके मद्देनजर अतिथि संकाय प्राध्यापकों के मानदेय में बढ़ोत्तरी की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है, अतः इसे सर्वसम्मति से वापस लेने का निर्णय लिया गया।**

कार्यावली संख्या 1.2.4 : **संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के अनुबंधक प्राध्यापक के कार्यकाल में बढ़ोतरी का अनुमोदन।**

विवरणः विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या– O.O.N.499/Reg./BASU, Patna दिनांक – 15.04.2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय में अनुबंधक प्राध्यापको (Adjunct Professors) के कार्यकाल पूर्ववर्त्ती शर्तो पर दिनांक– 26.04.2020 से एक वर्ष के लिए विस्तारित किया गया है इस हेतु विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल की अनुमोदन की अपेक्षा है **(अनुलग्नकः पृष्ठ संख्या 75–75 पर संलग्न)।**

निर्णय/संकल्प : **सर्वसम्मति से स्वीकृत**

कार्यावली संख्या 1.2.5 : **बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के शिक्षकों के लिए पारित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (CAS)-2006 को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में लागू करने हेतु अनुमोदन।**

विवरणः बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर (भागलपुर) के लिए प्रकाशित बिहार गजट (सं०–10 दिनांक – 07.01.2020) के तहत कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (CAS)-2006 को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अधिनस्त महाविद्यालयों /संस्थानों एवं अन्य ईकाइयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए लागू करने के प्रस्ताव में विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल की सहमति की अपेक्षा है **(अनुलग्नकः पृष्ठ संख्या 76–129 पर संलग्न)।**

**निर्णय / संकल्प :** **माननीय सदस्यों द्वारा इस पर विस्तृत चर्चा की गयी और कहा गया कि महामहिम कुलाधिपति की स्वीकृति के उपरान्त इसे लागू करने का निर्णय लिया जा सकता है।**

**कार्यावली संख्या 1.2.6 : बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज में नवनियुक्त अधिष्ठाता, डॉ० वी० पी० सैनी का वेतन–सुरक्षा (Pay-Protection) एवं यू०पी०एफ० / ई०पी०एफ० की कटौती का अनुमोदन।**

**विवरणः** डॉ० वेद प्रकाश सैनी, अधिष्ठाता, मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज को महाराणा प्रताप कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, उदयपुर में पूर्व से प्राप्त कर रहे वेतन की तरह बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा भी मूल वेतन का 12 प्रतिशत के दर से यू०पी०एफ० विश्वविद्यालय अंशदान के रूप में प्रदान कर तथा 12 प्रतिशत के दर से ई०पी०एफ० इम्पलाई कंट्रीब्यूशन के रूप में कटौती कर कुल राशि को सम्बन्धित खाते में जमा कर सेवानिवृत्ति के उपरान्त भुगतान करने के प्रस्ताव में विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल की सहमति की अपेक्षा है **(अनुलग्नकः पृष्ठ संख्या 130–131 पर संलग्न)।**

**निर्णय / संकल्प :** **सर्वसम्मति से स्वीकृत (माननीय सदस्यों ने कहा कि अगर कोई आपत्ति हो तो विभाग से सहमति प्राप्त की जा सकती है।)**

**कार्यावली संख्या 1.2.7 : बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2016 में अधिसूचित छात्र कल्याण पदाधिकारी को निदेशक छात्र कल्याण में रूपांतरित करने का अनुमोदन।**

**विवरणः** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2016 के अनुसार निदेशक छात्र कल्याण को छात्र कल्याण पदाधिकारी अधिसूचित किया गया है, जिसे अन्य विश्वविद्यालयों की भाति निदेशक छात्र कल्याण करने की आवश्यकता है। अतः इस प्रस्ताव पर प्रबंधन मंडल की सहमति की अपेक्षा है **(अनुलग्नकः पृष्ठ संख्या 132–134 पर संलग्न)।**

**निर्णय / संकल्प :** **सर्वसम्मति से स्वीकृत**

**कार्यावली संख्या 1.2.8 : वित्त समिति की कार्यावली एवं कार्यवाही का अनुमोदन।**

**विवरणः** वित्त समिति की बैठक 30.06.2020 को आयोजित की गई, जिसकी कार्यावली एवं कार्यावाही सभी सदस्यों को प्रचारित की गई है इसे अगले प्रबंधन मंडल की बैठक में प्रस्तुत करने की अनुमति प्रार्थित है।

**निर्णय / संकल्प :** **माननीय सदस्यों द्वारा वित्त समिति की कार्यावली एवं कार्यवाही को अगले प्रबंधन मंडल की बैठक में उपस्थापित करने की अनुमति दी गई।**

**कार्यावली संख्या 1.3 : अध्यक्ष के अनुमति पर अन्य मामले।**

**<u>अनुपूरक</u> कार्यावली संख्या 1 : डॉ० प्रदीप कुमार कपूर, कुलसचिव का त्यागपत्र एवं डॉ० बलवीर सिंह बैनिवाल, अधिष्ठाता, संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना को कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का प्रभार।**

**विवरणः** डॉ० प्रदीप कुमार कपूर, कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के द्वारा निजी कारणों से अपने पद का त्यागपत्र दिनांक 23.05.2020 अपराह्न में दिया गया, तत्पश्चात माननीय कुलपति महोदय द्वारा दिनांकः 22.06.2020 को स्वीकृत्योपरान्त डॉ० बलवीर सिंह बैनिवाल, अधिष्ठाता, संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना को कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञापन विश्वविद्यालय, पटना का प्रभार दिया गया। यह प्रबंधन मंडल के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय / संकल्प : **सर्वसम्मति से स्वीकृत**

**<u>अनुपूरक</u> कार्यावली संख्या 2 : बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अधीन किशनगंज में नये पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की स्थापना एवं दक्षिण बिहार में किसी उपयुक्त स्थान पर नये पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय खोलने का प्रस्ताव।**

विवरण : माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा किये गए उद्घोषणा के उपरान्त किशनगंज में द्वितीय पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, किशनगंज में खोलने का प्रस्ताव पशु एवं मत्स्य विभाग, बिहार सरकार को स्वीकृति हेतु सौंपी गई थी, जिसकी प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

पुनः, प्रदेश के भौगोलिक परिदृश्य को देखते हुए दक्षिण बिहार में किसी उपयुक्त स्थान पर बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अधीन नये पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय खोलने के प्रस्ताव पर प्रबंधन मंडल की सहमति की अपेक्षा है।

निर्णय / संकल्प : **प्रबंधन मंडल के माननीय सदस्यों ने किशनगंज में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के अतिरिक्त दक्षिण बिहार में एक नये पशु चिकित्सा महाविद्यालय की आवश्यकता जतायी एवं यह भी कहा कि जगह की उपलब्धता को ध्यान में रखा जाए।**

बैठक के अंत में सदस्य सचिव–सह–कुलसचिव, डॉ० बी० एस० बैनिवाल ने सभी सम्मानित सदस्यों एवं प्रबंधन मंडल के अध्यक्ष का धन्यवाद किया एवं विश्वविद्यालय को नई उँचाईयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

ह० / –
कुलसचिव–सह–सदस्य सचिव,
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

अनुमोदित

ह० / –
कुलपति (अध्यक्ष)
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञापांक सं० 228 / कुलसचिव / बि०प०वि०वि०, पटना          दिनांक 08/07 / 2020

**प्रतिलिपि** :– विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल के सभी सदस्यों को बैठक की कर्यवाही सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

बलवीर सिंह
8/7/2020
कुलसचिव–सह–सदस्य सचिव,
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

**प्रतिलिपि** :– माननीय कुलपति के सचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।